Uttarakhand Crime: रेस्टोरेंट संचालक छाप रहा था नकली नोट, ग्राहकों को भी देता था नकली नोट

जागरण संवाददाता, देहरादून। Uttarakhand Crime: रातों रात अमीर बनने की चाहत में रेस्टोरेंट संचालक नकली नोट छापने लगा। उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने जांच के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

उसके पास से 500-500 रुपये के 160 कुल 80 हजार रुपये नकली नोट और 500 रुपये के 28 बिना कटिंग के 14 नकली नोट बरामद किए गए हैं। नकली नोट पर इस्तेमाल होने वाला पेपर ऐसा था कि आमजन पता भी नहीं कर पाएंगे कि वास्तव में नोट असली है या नकली।

नकली नोट छापकर बाजार में असली के रूप में चला रहा था

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नकली नोट छापकर बाजार में असली के रूप में चला रहा है। त्यौहारों के सीजन में खरीदारी अधिक होती है जिसके चलते नोटों की खपत हो सकती है।

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/dehradun-city-restaurant-operator-printing-fake-notes-arrested-23818488.html